Regarding railway related issues in Khargone Parliamentary Constituency

श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल **(खरगौन):** महोदय, धन्यवाद ।

महोदय, मैं मध्य प्रदेश की खरगौन बड़वानी लोक सभा क्षेत्र से आता हूँ, जो जनजातीय बाहुल्य लोक सभा क्षेत्र है । यहाँ पर इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना का काम चल रहा है, लेकिन वह काम बहुत धीमी गति से चल रहा है । इस बार के बजट में भूमि अधिग्रहण के लिए 716 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं । इसके लिए मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ । मैं एक आग्रह/निवेदन करता हूँ कि खंडवा से खरगौन-बड़वानी जो रेल लाइन है, जिसकी डीपीआर तैयार हो चुकी है, उसे शीघ्र स्वीकृत किया जाए, जिससे मेरे लोक सभा क्षेत्र को लाभ मिल पाए ।

महोदय, आपका पुन: धन्यवाद ।